प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 06.06.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में कल्याण मंडपम का किया लोकार्पण : कहा– स्मार्ट सिटी के विजन को सेफ सिटी में भी है बदलना।
2. तीन अगस्त को एक पाली में होगी नीट–पीजी 2025 की परीक्षा : सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को दी अनुमति।
3. प्रदेश में कल अकीदत के साथ मनाई जायेगी बकरीद : इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया ने जारी की गाइडलाइंस, सुरक्षा के लिये किये गये पुख्ता इंतजाम। और
4. विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत प्रदेश में अब तक हुए पांच हजार से अधिक आयोजन : कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा– किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ रहा है अभियान।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में करीब साढ़े 4 करोड़ रुपये की लागत से बने कल्याण मंडपम का लोकार्पण किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्मार्ट सिटी के विजन को सेफ सिटी में भी बदलना है। मुख्यमंत्री ने नागरिकों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए

कहा कि सभी पार्षद अपने वार्डों में मोहल्ला समितियां गठित कराएं। ये समितिंयां सफाई की निगरानी के साथ पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी काम करें। श्री योगी ने लोगों से अपील की अंतराष्ट्रीय योग दिवस भव्यता से मनाएं। बाइट....

*इक्कीस जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। प्रधानमंत्री जी ने भारत के योग की विरासत को वैश्विक मान्यता दिलवाई है। हम भी योग के साथ जुड़े हैं। योग के कार्यक्रम के साथ जुड़े हैं। योग आरोग्यता की गारंटी है। आपको पूर्ण स्वस्थ रखने की गारंटी भी देता है। हमें इस कार्यक्रम के साथ जुड़ना चाहिए।*

————————

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को नीट–पीजी 2025 की परीक्षा तीन अगस्त को एक ही पाली में आयोजित करने की अनुमति दे दी है। इससे पहले यह परीक्षा 15 जून को निर्धारित थी, लेकिन बोर्ड ने परीक्षा आयोजित करने के लिए दो महीने से अधिक समय की मांग की थी। सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नीट–पीजी 2025 की परीक्षा आयोजित करने के लिए बोर्ड को इसके बाद और समय नहीं दिया जाएगा।

————————

बेसिक शिक्षा परिषद ने शिक्षकों के अंतरजनपदीय तबादलों के लिए आदेश जारी कर दिया है। विभाग के सचिव सुरेंद्र तिवारी ने बताया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी

आज और कल लिस्ट जारी करेंगे, जिसमें यह बताया जाएगा कि किस स्कूल में कितन शिक्षकों की जरूरत है। तबादले के इच्छुक शिक्षक 9 से 12 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के बाद, उन्हें 13 जून तक बीएसए ऑफिस में प्रिंट आउट जमा करना होगा। 16 जून को ट्रांसफर की लिस्ट जारी कर दी जाएगी।

————————

केंद्रीय राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने आज महाराजगंज में एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूरे हाने पर आयोजित कार्यशाला में शिरकत की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 11 वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे क्षेत्रों मं उल्लेखनीय प्रगति की है।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और सिर्द्धाथनगर से सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश दुनिया की चौथे नम्बर की अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व तरक्की की है। बाइट....

*पिछले दस वर्षों में नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने जापान को भी बाहर करके दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन गए। हमारी देश की विकास दर सेवन पॉइंट फाइव पर्सेंट है। चाइना फॉर पॉइंट फाइव है। मुझे लगता है किसी फील्ड में अगर हम देखें तो आज भारत ने एक अभूतपूर्व तरक्की की है।*

————————

**भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार की उपलब्धियों पर केंद्रित एक विशेष श्रृंखला लेकर आया है। आज हम कौशल विकास और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो भारत की अमृत पीढो– युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने की कुंजी है। एक रिपोर्ट....**

*सरकार ने बीते 11 वर्षों में युवाओं में कौशल विकास और उनके सशक्तिकरण को बेहतर करने को हमेशा प्राथमिकता दी है। देश में रोजगार सृजन की दिशा में सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। वर्ष 2022 में शुरू किए गए रोजगार मेला कार्यक्रमों में 10 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं। वहीं, वर्ष 2017 से 2025 तक, साढ़े आठ करोड़ से ज्यादा लोग, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ से जुड़े हैं, जिनमें करीब साढ़े तीन करोड़ युवा हैं। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत, पिछले 10 वर्षों में, 1 करोड़ 63 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है। वहीं, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की बात करें तो, 52 करोड़ से अधिक लोगों को ऋण स्वीकार किये गए हैं, जिनकी कुल धनराशि लगभग 33 लाख करोड़ रुपये है। इससे छोटे कारोबारियों को अपना व्यवसाय बढ़ाने में मदद मिली है। भारत, अब वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। वर्ष 2016 में शुरू हुई स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत, देश में 1 लाख 59 हजार से ज्यादा स्टार्टअप को मान्यता मिली है, जिससे 16 लाख से ज्यादा नौकरियां सृजित हुई हैं। रहीसुद्दीन रिहान के साथ, अखिल वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

प्रदेश में कल बकरीद का त्योहार शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिये प्रशासन ने खास तैयारियां की हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल इसको लेकर जानकारी ली। इस दौरान श्री योगी ने निर्देश दिए कि बकरीद पर कुर्बानी पर्व निर्धारित स्थलों पर ही हो। साथ ही प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर रोक को सख्ती से लागू किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि परंपरागत स्थलों पर ही नमाज़ अदा की जाए और कोई नई परंपरा की अनुमति ना दी जाए। इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने बकरीद को लेकर गाइडलाइन जारी की है। उन्होंने लोगों स इस गाइडलाइन पर अमल करने की अपील की है। बाइट...

*कुर्बानी सिर्फ हमेशा की तरह उन्हीं जानवरों पे की जाए जिन पर कोई कानूनी बंदिश नहीं है और कुर्बानी करते वक्त साफ सफाई और हाइजीन और क्लीनलीनेस का ज़रूर जरूर ख्याल रखा जाए। कुर्बानी किसी पब्लिक प्लेस पे न*

*की जाए बल्कि जो पहले ऐसी डेजिग्नेटेड स्पॉट्स है वही पर कुर्बानी की जाए न गली में की जाए न सड़क किनारे की जाए और उसी के साथ साथ इस बात का भी ख्याल रखे की कुर्बानी करते वक्त न कोई फोटो खींची जाए, न कोई विडियो बनाया जाए और न सोशल मीडिया पर अपलोड किया जाए।*

बकरीद के मद्देनज़र प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने सभी संवेदनशील इलाकों और हॉटस्पॉट की पहचान कर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

———————

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामदरबार की स्थापना के बाद आज राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मीडिया से बात की। उन्होंने बताया कि रामदरबार प्रथम तल पर करीब 20 फीट ऊपर स्थापित है। ऐसे में श्रद्धालुओं को इसके दर्शन के लिए सीढ़ियां चढ़नी होंगी। बुजर्गों की सुविधा के लिए लिफ्ट की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि तकनीकी कारणों के साथ सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए रामदरबार और परकोटा के मंदिरों को कुछ समय बाद ही दर्शन के लिए खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण का अंतिम चरण मंदिर के शिखर पर ध्वज लगाने का होगा जो अक्टूबर या नवंबर में लगाया जाएगा। बाइट....

*ये परिस्थिति नहीं है की परकोटा के छह मंदिरों में जनता को दर्शन के लिए अनुमति दी जाए वो परिस्थितियाँ शायद वर्षाकाल बीत जाने के बाद आ सकती है क्योंकि अभी निर्माण के बहुत से काम चल रहे हैं। मशीनें घूमती रहती है बड़े— बड़े पत्थर क्रेन से उठाए जाते हैं रखे जाते हैं तो*

*हमारा धर्म है कर्तव्य है की हम सुरक्षा पर पूरा ध्यान दें हम ये कह सकते हैं की निर्माण कार्य अपनी पूर्णता की ओर है।*

————————

**16वें केंद्रीय वित्त आयोग के चेयरमैन डॉ अरविंद पनगढ़िया ने आज अपनी पत्नी और अन्य सदस्यों के साथ सारनाथ का भ्रमण किया। उन्होंन सारनाथ में पुरातात्विक साइट के साथ–साथ म्यूजियम भी देखा। इसके बाद मूलगध कुटी में विधिवत दर्शन पूजन किए।**

————————

**कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज लखनऊ में एक प्रेस वार्ता में कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने की पहल है। कृषि मंत्री ने बताया कि 29 मई से 12 जून तक चलने वाले इस अभियान में अब तक 5 हज़ार से ज्यादा स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं जिनमें 87 लाख से अधिक किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस अभियान में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है। बाइट....**

*इस पूरे अभियान के भीतर पाँच सौ पचास कृषि वैज्ञानिक और वेटनरी के वैज्ञानिक और हॉर्टिकल्चर के किसानों के साथ उन्होंने संवाद किया है। हर जिले के भीतर तीन तीन टीम बनाई गई है और एक दिन में नौ स्थानों पर संवाद करती है और इस प्रकार से दो सौ पच्चीस स्थानों पर प्रतिदिन ये संवाद के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं जो सफलतापूर्वक चल रहे हैं।*

———————

मौसम विज्ञान विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया है। विभाग ने 9 जून से प्रदेश कई इलाकों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। आगामी 4 दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

(समाप्त)